समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# रोहित-विराट का पुराना साथी, टीम इंडिया मे करेगा वापसी ! जल्द हो सकता है बड़ा ऐलान।

Publisher

Published on 24 May 2025



## इंग्लैडं दौरे के लिए आज हो सकती है टेस्ट टीम की घोषणा, पुजारा की वापसी या युवा खिलाड़ियों को मिलेगा मौका ?

**नई दिल्ली, 24 मई 2025 — भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI)** आज **इंग्लैडं दौरे** के लिए **टेस्ट टीम** की घोषणा कर सकता है। इसी के साथ नए टेस्ट कप्तान को लेकर भी बड़ा ऐलान संभव है। इस बीच चर्चाओं का बाजार गर्म है कि क्या **रोहित शर्मा** और **विराट कोहली** का पुराना साथी **चेतेश्वर पुजारा** दो साल बाद टीम इंडिया में वापसी कर सकता है ?

**चेतेश्वर पुजारा की वापसी की अटकले तेज**
सोशल मीडिया पर बीते कुछ दिनों से "**#PujaraComeback**" ट्रेंड कर रहा था। हालांकि, क्रिकबज की एक रिपोर्ट के मुताबिक, **BCCI** का पुरानी टीम में लौटने का कोई इरादा नहीं है। इसका मतलब है कि पुजारा की वापसी की संभावना बेहद कम है। बोर्ड का फोकस युवा खिलाड़ियों को मौका देने पर है।

रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि **देवदत्त पडिक्कल** और **सरफराज खान** जैसे प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ियों को इंग्लैंड सीरीज के लिए टेस्ट स्क्वाड में शामिल किया जा सकता है।

**पुजारा का टेस्ट करियर :** शानदार लेकिन ठहरा हुआ
**आखिरी टेस्ट**: जून 2023 बनाम ऑस्ट्रेलिया
**कुल टेस्ट मैच**: 103

**टोटल रन :** 7,195
**शतक :** 19
**फिफ्टी :** 35

पुजारा ने टीम इंडिया से बाहर होने के बाद फर्स्ट-क्लास और काउंटी क्रिकेट में खेल जारी रखा, लेकिन ससेक्स के लिए पिछले सीजन में उनका प्रदर्शन फीका रहा।

**टीम इंडिया की घोषणा कब और कैसे ?**

**BCCI** के चीफ सेलेक्टर **अजीत अगरकर** आज **दोपहर 1:30 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस** में इंग्लैंड दौरे के लिए टेस्ट टीम की घोषणा कर सकते हैं। माना जा रहा है कि इस बार कुछ बड़े नाम बाहर हो सकते हैं और नई प्रतिभाओं को मौका मिल सकता है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.